Chapter- 8

# सबसे अच्छा कौन ?

## STUDY NOTES

### सरल भाषा में कहानी वर्णन

शहंशाह अकबर प्रतिदिन अपने नवरत्नों के साथ चाँदनी महल में बैठकर हर जरूरी विषय पर चर्चा करते थे तथा साथ में उनसे तरह-तरह के प्रश्न पूछकर नवरत्नों के ज्ञान की परीक्षा लेते थे।

एक दिन शहंशाह अकबर ने अपने नवरत्नों की ज्ञान की परीक्षा लेनी चाहि इसलीए उन्होंने नवरत्नों से कुछ  प्रश्न पूछे थे, उन्होंने नवरत्नों से कुल पाँच प्रश्न पूछे थे। उनका पहला प्रश्न था – कौन सा फूल सबसे अच्छा होता है ? दूसरा प्रश्न था – दूध किसका सबसे अच्छा होता है ? तिसरा प्रश्न था- मिठास किसकी सबसे अच्छी होती है ? चौथा प्रश्न था, पत्ता कौन सा सबसे अच्छा होता है ? पाँचवा प्रश्न था- सबसे अच्छा राजा कौन सा है ?

सभी ने इन प्रश्नों के उत्तर भी अलग-अलग दिए थे, क्योंकी सबकी पंसद भी अलग-अलग होती है, किसी ने कहा गुलाब का फूल अच्छा होता है, तो किसी ने कमल कहा, किसी ने गाय के दूध को अच्छा कहा तो किसी ने बकरी के दूध को, किसी ने केले के पत्ते को अच्छा कहा तो किसी ने नीम के पत्ते को, अंत में शहंशाह को सभी के उत्तर अच्छे लगे, उन्होंने बीरबल को चुप देखकर उनसे भी उत्तर पूछा था उन्होंने कहा आलमपनाह कपास का फूल सबसे अच्छा होता है, जिससे हमको शरीर ढकने के लिए कपड़ा मिलता है। माँ का दूध सबसे अच्छा होता है, जिसे पीकर बच्चा ताकतबर बनता है, मिठास ज़बान की अच्छी होती है, जिसके चलते हम शत्रु को भी मित्र बना लेते हैं, पान का पत्ता अच्छा होता है, जिसे खाकर सब अपने बन जाते हैं, इंद्र सबसे अच्छे राजा हैं, जिनके चलते वर्षा होती है, बीरबल का उत्तर सुनकर सब बहुत खुश हुए।

**प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए।**

क) शहंशाह अकबर ने नवरत्नों से क्या क्या पूछा ?

उ - शहंशाह अकबर ने नवरत्नो से अलग-अलग तरह के सवाल पूछे थे।

१. कौन सा फूल सबसे अच्छा होता है ?

२. दूध किसका सबसे अच्छा होता है ?

३. मिठास किसकी सबसे अच्छी होती है ?

४. पत्ता कौन-सा सबसे अच्छा होता है ?

५. सबसे अच्छा राजा कौन-सा है ?

ख) सभी नवरत्नों ने किसकी प्रशंसा की तथा क्यों ?

उ - सभी नवरत्नों ने बीरबल की प्रशंसा की थी, क्योंकी बीरबल जी के सारे उत्तर सही थे।

## अभ्यास के लिए

१. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए –

क) चाँदनी महल में अकबर किनके साथ बैठे हुए थे ?

उ - चाँदनी महल में शहंशाह अकबर अपने नवरत्न (मुख्य राजदरवारियों) के साथ बैठे हुए थे।

ख) अकबर अपने नवरत्नों से तरह-तरह के प्रश्न क्यों पूछते रहते थे ?

उ - अकबर अपने नवरत्नों से तरह-तरह से प्रश्न पूछते थे क्योंकी वे उनके ज्ञान की परीक्षा लेते थे।

ग) सभी नवरत्नों ने अलग-अलग उत्तर क्यों दिए ?

उ - सभी नवरत्नों ने अलग-अलग उत्तर इसलिए दिए थे, क्योंकी सबकी अपनी-अपनी पसंद होती है।

घ) पान का पत्ता सबसे बढ़िया होता है, कैसे ?

उ - पान का पत्ता सबसे बढ़िया होता है, क्योंकी अगर हम पान अपने किसी दुश्मन को भी खिलाते हैं तो, वो भी हमारा मित्र बन जाता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ङ) इंद्र की कृपा से क्या होता है ?

उ - इंद्र की कृपा से ही आकाश में से वर्षा रूपी अमृत बरसता है।

२. सही विकल्प चुनकर सही (✓ ) का निशान लगाइए।

क) अकबर के दरबार में कौन थे ?

(i) नवरत्न (ii) तेनालीराम (iii) राजा इंद्र (iv) राजा वरूण

ख) चापलूसी करने वालों ने किसे महान बताया ?

(i) नीम के पत्ते को (ii) गाय को

(iii)शहंशाह अकबर को (iv) चतुर बीरबल को

ग) सभी ने किसकी प्रशंसा की ?

(i) राजा की (ii) बीरबल की (iii)प्रजा की (iv)इंद्र भी

उत्तर - (क) नवरत्न (ख) शहंशाह अकबर को (ग) बीरबल की

३. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए –

(कपास, चाँदनी, नवरत्नों, मिठास, अकबर, पान)

क) एक दिन शहंशाह .................. अपने .................. महल में बैठे हुए थे।

ख) सभी .................. ने अलग-अलग उत्तर दिए।

ग) .................. का फूल सबसे बढ़िया होता है।

घ) .................. ज़बान की अच्छी होती है।

ङ) पत्तों में .................. का पत्ता सबसे बढ़िया होता है।

उत्तर- (क) अकबर, चाँदनी

(ख) नवरत्नों

(ग) कपास

(घ) मिठास

(ङ) पान

४. सही (✓ ) या गलत ( X ) का निशान लगाइए –

क) अकबर नवरत्नों में एक थे। ( )

ख) शहंशाह महल में बैठे थे। ( )

ग) गन्ना नमकीन होता है। ( )

घ) शहद मीठा होता है। ( )

ङ) कपास का फूल सुगंधित होता है। ( )

उत्तर – (क) ( X ) (ख) (✓ ) (ग) ( X ) (घ) (✓ ) (ङ) ( X )

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) अकबर अपने दरवारियों के साथ कहाँ बैठे हुए थे ?

उ –अकबर अपने दरवारियों के साथ चाँदनी महल में बैठे हुए थे।

ख) अकबर ने नवरत्नों से कितने प्रश्न पूछे ?

उ - अकबर ने नवरत्नों से पाँच प्रश्न पूछे।

ग) कपास के फूल से हमें क्या मिलता है ?

उ - कपास के फूल से हमें कपड़ा मिलता है।

घ) सबसे अच्छा राजा कौन है ?

उ - सबसे अच्छा राजा इंद्र हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

## भाषा-ज्ञान

१. एक वचन के साथ 'है' का उपयोग होता है जैसे –

क) लड़का मैदान में खेल रहा है।

ख) वरूण पाठशाला जाता है।

२. बहुवचन के साथ 'हैं' का उपयोग होता है, जैसे –

क) चिड़िया आकाश में उड़ रही हैं।

ख) तितलियाँ फूलों पर मँड़रा रही हैं।

३. समान अर्थवाले शब्द लिखिए –

क) गणेश – गजानन, गणपति, लंबोदर

ख) फूल – सुमन, कुसुम, पुष्प

ग) आकाश - गगन, आसमान, नभ

घ) पानी – नीर, जल, अंबु

ङ) कमल – पंकज, जलज, नीरज

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow